Estd. 1926

# BCCI BULLETIN

Vol. 53 | MARCH 2022 | No.-3

BIHAR CHAMBER OF COMMERCE & INDUSTRIES

# आयुक्त, पटना प्रमंडल के साथ राज्य के उद्यमियों एवं व्यवसायियों की बैठक चैम्बर में आयोजित




आयुक्त, पटना प्रमंडल श्री कुमार रवि को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत करते चैम्बर अध्यक्ष श्री. पी. के. अग्रवाल। साथ में जिलाधिकारी, पटना डॉ. चन्द्रशेखर सिंह एवं चैम्बर उपाध्यक्ष श्री एन. के. ठाकुर ।

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज द्वारा पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री कुमार रवि के साथ एक बैठक दिनांक 5 मार्च 2022 को आयोजित हुई जिसमें जिलाधिकारी डॉ० चन्द्रशेखर सिंह, उप विकास आयुक्त रिची पाण्डेय, वरीय पुलिस अधीक्षक एम० एस० ढिल्लो, श्री प्रदीप कुमार, प्रशिक्षु भा.प्र.से. तथा अपर जिला दण्डाधिकारी श्री के. के. सिंह सम्मिलित हुए।

चैम्बर अध्यक्ष श्री पी० के० अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह दूसरा अवसर है जब कुमार रवि साहब हमारे बीच पधारे हैं। उन्होंने आयुक्त श्री कुमार रवि एवं जिलाधिकारी डॉ० चन्द्रशंखर सिंह द्वारा कोरोना काल में किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनके प्रयास से ही पटना में कोरोना का प्रभाव कम रहा जिसके लिए समय-समय पर चैम्बर एवं अन्य संगठनों से बराबर ऑफ लाइन एवं ऑन लाइन बैठकें करते रहे हैं।

श्री अग्रवाल ने पटना मैट्रो रेल परियोजना एवं पटना स्मार्ट सिटी पर आयुक्त एवं जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट करते हुए इसके कार्यों को तेज गति प्रदान करने का अनुरोध किया।




जिलाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह को पुष्पगुच्छ भेंट करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल। साथ में आयुक्त पटना प्रमंडल श्री कुमार रवि, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री एम. एस. ढिल्लो एवं चैम्बर उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन।




वरीय पुलिस अधीक्षक श्री एम. एस. ढिल्लो को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल। साथ में जिलाधिकारी, पटना डॉ. चन्द्रशेखर सिंह।

शेष पृष्ठ 3 पर



## अध्यक्ष की कलम से.....

प्रिय बन्धुओं,

करीब दो साल के अंतराल के बाद कोरोना का संक्रमण कम हो जाने एवं सरकार द्वारा लगभग सभी पाबंदियाँ समाप्त कर देने के फलस्वरूप **दिनांक 15 मार्च, 2022 को चैम्बर में ''होली मिलन समारोह'' काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।** समारोह में रंग, अबीर रहित, फूलों की पंखुड़ियाँ एक दूसरे पर डालकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर पारंपरिक स्वादिष्ट व्यंजनों सहित लोगों के मनोरंजन हेतु वृंदावन के मंडली के कलाकारों द्वारा राधा-कृष्ण के गीतों एवं नृत्यों की प्रस्तुति भी थी।

**इस समारोह में माननीय पथ निर्माण मंत्री श्री नीतीन नवीन, माननीय विधायक श्री नन्द किशोर यादव, श्री अरूण कुमार सिन्हा, श्री संजीव चौरसिया, माननीया महापौर श्रीमती सीता साहू, पटना एयरपोर्ट के निदेशक श्री बी० सी० एच० नेगी तथा केन्द्र सरकार एवं बिहार सरकार के वरीय पदाधिकारीगण सम्मिलित हुए। इस आयोजन को सफल बनाने में होली मिलन समारोह आयोजन समिति के सदस्यों का हृदय से धन्यवाद देते हैं साथ ही माननीय सदस्यों के भी आभारी हैं जिनकी सपरिवार सहभागिता से समारोह भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ।**

2 मार्च, 2022 को मेरे नेतृत्व में चैम्बर का एक प्रतिनिधिमंडल **नव पदस्थापित विकास आयुक्त, बिहार श्री विवेक कुमार सिंह से मिला और उन्हें बधाई दी।** प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष श्री एन० के० ठाकुर एवं श्री मुकेश कुमार जैन, महामंत्री श्री अमित मुखर्जी, इण्डस्ट्रीज सब कमिटी के संयोजक-सह-पूर्व उपाध्यक्ष श्री सुभाष कुमार पटवारी तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट सब कमिटी के संयोजक-सह-पूर्व महामंत्री श्री ए० के० पी० सिन्हा शामिल थे।

2 मार्च, 2022 को ही **पटना एयरपोर्ट के निदेशक श्री बी० सी० एच० नेगी के साथ चैम्बर में एक बैठक हुई। इस बैठक में पटना एयरपोर्ट के अन्य वरीय अधिकारियों के साथ ही विभिन्न एयरलाइन्स के सेवा प्रदाता यथा- इंडिगो, गोफास्ट, एयर इंडिया एवं विस्तारा एयरलाइन्स के स्टेशन प्रबन्धक भी उपस्थित हुए। बैठक काफी उपयोगी रही।**

**श्री कुमार रवि, भा०प्र०से० पटना प्रमंडल-सह सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार सरकार के साथ दिनांक 5 मार्च, 2022 को चैम्बर में एक बैठक आयोजित हुई उक्त बैठक में जिलाधिकारी, पटना डॉ० चन्द्रशेखर सिंह, भा०प्र०से०, उप विकास आयुक्त श्री रिची पाण्डेय, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री एम० एस० ढिल्लो तथा अपर जिला दंडाधिकारी श्री के० के० सिंह भी शामिल थे।** इस बैठक की संक्षिप्त रिपोर्ट इसी बुलेटीन में प्रकाशित की गयी है।

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के एक प्रतिनिधिमंडल ने दिनांक 6 मार्च, 2022 को **मेरे नेतृत्व में भोजपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, आरा द्वारा स्थानीय रमना मैदान में दिनांक 4-7 मार्च 2022 तक आयोजित NATIONAL MSME EXPO–2022 का भ्रमण किया। प्रतिनिधिमंडल में चैम्बर उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन, पूर्व महामंत्री श्री पशुपति नाथ पाण्डेय, कार्यकारिणी सदस्य श्री अजय कुमार गुप्ता एवं श्री विवेक साह शामिल थे।**

**भोजपुर चैम्बर द्वारा आयोजित EXPO काफी आकर्षक एवं भव्य था। स्टॉल आदि काफी बेहतरीन ढंग से सुसज्जित थे। उस दिन स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए चित्रकला, पोस्टर एवं श्लोगन तथा क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता के विजेताओं को मैंने मेमेन्टो प्रदान किया। EXPO की भव्यता एवं उपयोगिता हेतु भोजपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज की जितनी भी प्रशंसा की जाय, कम होगी।**

**क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी, पटना श्रीमती ताविसी बहल पाण्डेय** के साथ दिनांक 14 मार्च, 2022 को चैम्बर के साथ एक बैठक आयोजित हुई। **पासपोर्ट अधिकारी ने चैम्बर द्वारा ज्ञापन में उठाए गये मुद्दों पर बिन्दुवार जवाब दिया।**

दिनांक 24 मार्च, 2022 को **माननीय उप मुख्यमंत्री, बिहार श्री तारकिशोर प्रसाद की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 80वीं त्रैमासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में चैम्बर के महामंत्री श्री अमित मुखर्जी शामिल हुए।**

दिनांक 24 मार्च, 2022 को ही **श्री पवन कुमार, निदेशक, डाक सेवाएं, पूर्वी क्षेत्र, बिहार एवं श्री राजदेव प्रसाद, वरीय डाक अधीक्षक, पटना प्रमण्डल, बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के प्रांगण में चैम्बर पदाधिकारियों से मिले तथा रेलवे एवं डाक के सम्मिलित समझौता के अंतर्गत प्रारम्भ होने वाले माल की ढुलाई के सम्बन्ध में अद्यतन जानकारी दी।**

उक्त बैठक में मेरे अतिरिक्त चैम्बर उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन, पूर्व महामंत्री श्री पशुपति नाथ पाण्डेय, कार्यकारिणी सदस्य श्री सांवल राम ड्रोलिया, श्री रंजीत प्रसाद सिंह एवं श्री आशीष प्रसाद सम्मिलित हुए।

चैम्बर के सदस्यों के साथ दिनांक 25 मार्च, 2022 को **पुलिस महानिदेशक, बिहार श्री एस० के० सिंघल, भा०पु०से० के साथ संवाद का एक कार्यक्रम हुआ। उक्त बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक, श्री जीतेन्द्र सिंह गंगवार एवं श्री जीतेन्द्र कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री एम० एस० ढिल्लो, नगर पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल, श्री प्रमोद कुमार एवं यातायात पुलिस अधीक्षक श्री अनिल कुमार उपस्थित थे।** बैठक काफी उपयोगी रही।

**बन्धुओं, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि चैम्बर एवं अन्य संगठनों के प्रयास से बिहार विद्युत विनियामक आयोग द्वारा दिनांक 25 मार्च, 2022 को वर्ष 2022-23 के लिए घोषित विद्युत दरों में किसी भी प्रकार की बढ़ोत्तरी नहीं की गयी, जो स्वागत योग्य है। साथ ही सरकार से अनुरोध किया गया है कि अन्य उपभोक्ताओं की तरह उद्योगों को भी सब्सीडी दी जाये ताकि बिहार के उद्योग अन्य राज्यों के उद्योगों से प्रतिस्पर्धा में सक्षम हो सके।**

दूसरी खुशखबरी है कि चैम्बर द्वारा विभिन्न स्तरों पर लगातार अनुरोध किया गया था कि **पटना से जयपुर के लिए सीधी विमान सेवा शुरू की जाय।** 2 मार्च, 2022 को पटना एयरपोर्ट के निदेशक श्री बी० सी० एच० नेगी एवं अन्य विमानन सेवा प्रदाताओं यथा - इंडिगो, गोफास्ट, स्पाइसजेट, एयर इंडिया एवं विस्तारा के स्टेशन प्रबन्धकों के साथ हुई बैठक में चैम्बर की ओर से मांग की गयी थी कि पूर्व की भांति पटना से जयपुर के लिए सीधी विमान सेवा पुनः शुरू की जाय। **हमें खुशी है कि इंडिगो द्वारा पटना से जयपुर की सीधी विमान सेवा 27 मार्च, 2022 से शुरू होने जा रही है एवं स्पाइस जेट द्वारा पटना से वाराणसी होते हुए जयपुर के लिए विमान सेवा शुरू की गई है। माननीय सदस्यों के अनुरोध है कि इस सेवा का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें ताकि यह सुविधा निरंतर जारी रहे।**

बन्धुओं, कोरोना का संक्रमण भले ही कम हो गया है, पाबंदियाँ भले ही समाप्त कर दी गयी हो फिर भी सतर्कता एवं सावधानी बेहद जरूरी है एवं सरकार ने मास्क एवं दो गज की दूरी रखने का दिशा-निर्देश भी दिया है ।

**सादर,**

आपका

**पी० के० अग्रवाल**

अध्यक्ष




बैठक में स्वागत संबोधन करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल। उनकी बाँयी ओर आयुक्त पटना प्रमंडल श्री कुमार रवि एवं जिलाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह तथा दाँयी ओर चैम्बर उपाध्यक्ष श्री एन. के. ठाकुर।



उप विकास आयुक्त श्री रिची पाण्डेय को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत करते चैम्बर उपाध्यक्ष श्री एन. के. ठाकुर। साथ में वरीय पुलिस अधीक्षक श्री एस. एस. ढिल्लो।



श्री प्रदीप कुमार, प्रशिक्षु भा.प्र.से. को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत करते चैम्बर के महामंत्री श्री अमित मुखर्जी साथ में विकास आयुक्त श्री रिची पाण्डेय।



अपर जिला दण्डाधिकारी श्री के. के. सिंह को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत करते चैम्बर उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन।




बैठक को संबोधित करते वरीय आरक्षी अधीक्षक श्री एम. एस. ढिल्लो। साथ में जिलाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह।




बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह। साथ में आयुक्त, पटना प्रमंडल श्री कुमार रवि।



बैठक को संबोधित करते आयुक्त, पटना प्रमंडल श्री कुमार रवि। उनकी बांयी ओर जिलाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री एम. एस. ढिल्लो। दांयी ओर चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्री एन. के. ठाकुर एवं श्री मुकेश कुमार जैन।

चैम्बर उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन ने बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज की ओर से एक ज्ञापन समर्पित किया जिसके प्रमुख बिन्दु निम्न हैं:-

**नमामी गंगे प्रोजेक्ट को ससमय पूरा किया जाए, विधि-व्यवस्था को और कारगर बनाया जाए, गंगा घाटों का विकास एवं सौन्दर्यीकरण किया जाए, उद्यम स्थापित करने के लिए भूमि चिन्हित किया जाए, उद्यमियों एवं व्यवसायियों को आर्म लाइसेंस प्रदान किया जाए, पहाड़ी मोड़ एवं बेली रोड में उपरी पुल या अन्डर पास बनाया जाए, मौर्या लोक तथा अन्य व्यावसायिक प्रांगण में नागरिक सुविधाएं मुहैया कराई जाए, ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण लगाया जाए, पटना में जल जमाव की समस्या से निजात दिलाया जाए, पटना में यातायात व्यवस्था को दुरूस्त किया जाए एवं पार्किंग की व्यवस्था को बेहतर बनाया जाए, यातायात नियंत्रण कक्ष की स्थापना करायी जाए तथा ट्रान्सपोर्ट नगर की सड़कों की दयनीय स्थिति को ठीक कराया जाए।**

इस अवसर वरीय पुलिस अधीक्षक एम० एस० ढिल्लो ने बताया कि अपराध पर नियंत्रण के लिए 394 सीसीटीवी कैमरा लगाया जा रहा है, इंटीग्रेटेड कमान्ड सेन्टर बनाया जा रहा है, एक ही नम्बर 112 पर सारी सुविधाएं मुहैया कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सभी व्यवसायियों से अनुरोध किया कि अपनी दुकान के सामने सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगाए तथा अपने कर्मचारियों का पुलिस वैरीफिकेशन जरूर कराएं। इसे अब अनिवार्य किया जा रहा है।

जिलाधिकारी डॉ० चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि पटना मैट्रो रेल परियोजना पर भूमि अधिग्रहण की समस्या थी, उसे दूर कर लिया गया है, अब इस पर सुचारू रूप से कार्य होगा। स्मार्ट सिटी का टेंडर हो चुका है, कुछ दिनों में इसका काम दिखाई पड़ेगा। नमामी गंगे के अन्तर्गत रोड कटने के बाद उसे भरने का कार्य अब पथ निर्माण विभाग को दे दिया गया है और बहुत जल्द गड्ढ़ों को भरा जा रहा है। पहाड़ी मोड़ जीरो माइल से एक किलोमीटर का ओवर ब्रीज बनाकर समस्या का समाधान किया जाएगा। ट्रान्सपोर्ट नगर की सड़कों को बहुत जल्द दुरूस्त किया जाएगा। जो लोग आर्म लाइसेंस के इच्छुक हैं, वे आवेदन करें और मुझसे मिल सकते है।

आयुक्त, पटना प्रमंडल श्री कुमार रवि ने बताया कि बेली रोड के रेड लाइट को हटा दिया है साथ ही वहाँ पर अन्डर पास या फुट ओवर ब्रीज का निर्माण कराया जाएगा, अतिक्रमण को हटाने के लिए ड्राइव चलाया जाएगा। पार्किंग को लेकर कमीटी बनेगी और उसके सुझाव के आधार पर पार्किंग की व्यवस्था होगी।

कार्यक्रम में उपाध्यक्ष एन० के० ठाकुर एवं मुकेश कुमार जैन, महामंत्री अमित मुखर्जी, कोषाध्यक्ष विशाल टेकरीवाल तथा पशुपति नाथ पाण्डेय, सच्चिदानन्द, अनिल पचीसिया, सावल राम ड्रोलिया, राजेश मखारिया, अजय गुप्ता, विवेक साह, गौरव साह, ओ० पी० टिबड़ेवाल, बिनोद कुमार के साथ-साथ काफी संख्या में उद्यमियों एवं व्यवसायियों ने भाग लिया।

धन्यवाद ज्ञापन चैम्बर के महामंत्री श्री अमित मुखर्जी ने किया।

# चैम्बर मे होली मिलन समारोह आयोजित

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के प्रांगण में दिनांक 15 मार्च 2022 को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें एक दूसरे पर गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा कर होली की बधाई दी गई।

इस अवसर पर चैम्बर अध्यक्ष श्री पी० के० अग्रवाल ने कहा कि होली आपसी प्रेम एवं भाइचारा का प्रतीक है। होली हमें सभी मतभेदों को भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाने की प्रेरणा प्रदान करती है।



चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल को पगड़ी पहनाकर और गुलाबों की पंखुड़ियाँ डालकर होली की बधाई देते उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन।



माननीय पथ निर्माण मंत्री श्री नितिन नवीन को पगड़ी पहनाकर स्वागत करते श्री आशीष शंकर, श्री पशुपतिनाथ पाण्डेय, श्री अजय कुमार गुप्ता एवं अन्य।



माननीय विधायक श्री नन्द किशोर यादव को पगड़ी पहनाकर स्वागत करते चैम्बर उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन, श्री सुबोध जैन एवं शशि गोयल।



माननीय विधायक श्री संजीव चौरसिया का स्वागत करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल। साथ में श्री विवेक साह।



माननीय विधायक श्री अरूण कुमार सिन्हा का स्वागत करते चैम्बर उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन, श्री आशीष शंकर, श्री पशुपतिनाथ पाण्डेय, श्री अजय गुप्ता एवं शशि गोयल।



राधा-कृष्ण के ऊपर पुष्पों की वर्षा करते माननीय पथ निर्माण मंत्री श्री नितिन नवीन एवं अन्य।



माननीय पथ निर्माण मंत्री श्री नितिन नवीन के साथ बातें करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल। साथ में श्री कमल नोपानी एवं श्री रामलाल खेतान।



राधा-कृष्ण के ऊपर पुष्पों की वर्षा करते चैम्बर उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन, श्री पशुपतिनाथ पाण्डेय, डॉ० रमेश गाँधी एवं अन्य।




वृन्दावन के कलाकारों द्वारा राधा-कृष्ण के साथ होली की प्रस्तुति।



भोजपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स से सपरिवार आये श्री आदित्य विजय जैन एवं श्री संजय जालान का स्वागत करते चैम्बर उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन एवं श्री सुबोध कुमार जैन।



माननीया महापौर, पटना श्रीमती सीता साहू का स्वागत करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल एवं श्री अजय कुमार गुप्ता।



सेल्फी प्वाइंट पर उपस्थित होली मिलन समारोह आयोजन समिति के सदस्यगण।



पटना एअरपोर्ट के निदेशक श्री बी. सी. एच. नेगी एवं उनकी पत्नी का स्वागत करते चैम्बर उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन एवं श्री आशीष शंकर।



समारोह में व्यंजनों का लुत्फ उठाते अतिथिगण एवं सदस्यगण।




राधा-कृष्ण नृत्य की एक प्रस्तुति।



अपर पुलिस महानिदेशक श्री जितेन्द्र कुमार एवं उनकी पत्नी का स्वागत करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल एवं श्रीमती नीलम अग्रवाल।



डॉ. एस. एस. झा एवं डॉक्टर वीणा मिश्रा का स्वागत करते चैम्बर उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन, श्री पशुपतिनाथ पाण्डेय, श्री रमेश गाँधी एवं श्री अजय कुमार गुप्ता।



वृन्दावन की लट्ठमार होली में कलाकार के साथ अपना बचाव करते श्री आशीष शंकर।

इसी को ध्यान में रखते हुए बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज की ओर से होली के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष होली मिलन समारोह का आयोजन कर आपसी मेल-जोल को बढ़ावा दिया जाता है।

चैम्बर अध्यक्ष श्री अग्रवाल ने कहा कि **चूंकि रंग एवं अबीर में कई प्रकार के रसायनों का प्रयोग होने लगा है, जो शरीर की त्वचा को तो नुकसान करता ही है साथ ही पर्यावरण को भी प्रदूषित करता है तथा इससे जल की भी बर्बादी होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए चैम्बर ने पर्यावरण अनुकूल गुलाल, रंग-अबीर रहित फूलों की होली का आयोजन किया है।**

श्री अग्रवाल ने बताया कि होली मिलन समारोह में आगन्तुकों के लिए होली के पारंपरिक स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ-साथ उनके मनोरंजन हेतु श्री राधा सर्वेश्वर रास मंडली, वृन्दावन के कलाकारों द्वारा राधा कृष्ण के गीतों एवं नृत्यों ने सभी श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

चैम्बर अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों पर गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा कर होली की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

समारोह में काफी संख्या में चैम्बर सदस्य परिवार के साथ-साथ बिहार सरकार के माननीय पथ निर्माण मंत्री श्री नीतीन नवीन, माननीय विधायक श्री नन्द किशोर यादव, श्री अरूण कुमार सिन्हा, श्री संजीव चौरसिया, माननीया महापौर, पटना श्रीमती सीता साहू, पटना एयरपोर्ट के निदेशक श्री बी० सी० एच० नेगी तथा बिहार सरकार एवं भारत सरकार के वरीय पदाधिकारियों के साथ-साथ सभी धर्म तथा प्रोफेशन के लोग सम्मिलित हुए।

समारोह में चैम्बर के उपाध्यक्ष श्री एन० के० ठाकुर एवं श्री मुकेश कुमार जैन, कोषाध्यक्ष श्री विशाल टेकरीवाल, महामंत्री श्री अमित मुखर्जी के साथ-साथ चैम्बर के होली मिलन समारोह आयोजन समिति के संयोजक श्री आशीष शंकर, सह-संयोजक, श्री अजय गुप्ता, श्री गणेश कुमार खेतड़ीवाल, श्री सुभाष कुमार पटवारी, श्री शशि मोहन, श्री सावल राम ड्रोलिया, श्री सुबोध कुमार जैन, श्री पवन भगत, श्री प्रदीप चौरसिया, श्री शशि गोयल, डॉ० रमेश गाँधी, श्री पशुपति नाथ पाण्डेय, श्री उत्पल कुमार सेन, श्री अनिल पचीसिया, श्री राजेश कुमार अग्रवाल, श्री जे० पी० तोदी के साथ-साथ बड़ी संख्या में उद्यमी एवं व्यवसायी सपरिवार समारोह में सम्मिलित हुए।

# पुलिस महानिदेशक, बिहार के साथ चैम्बर की बैठक

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के सदस्यों के साथ चैम्बर प्रांगण में दिनांक 25 मार्च 2022 को पुलिस महानिदेशक, बिहार श्री एस० के० सिंघल के साथ राज्य की विधि-व्यवस्था से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हेतु बैठक हुई। बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक जीतेन्द्र सिंह गंगवार, जीतेन्द्र कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक एम० एस० ढिल्लो, नगर पुलिस अधीक्षक (मध्य) अम्बरीष राहुल, नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) प्रमोद कुमार एवं यातायात पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार भी मौजूद थे।

चैम्बर अध्यक्ष श्री पी० के० अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि किसी भी राज्य के आर्थिक विकास में उद्यमियों एवं व्यवसायियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है और अपराधी तत्वों का शिकार भी यही समाज अधिक होता है इसलिए पुलिस प्रशासन से व्यवसायी समाज की काफी अपेक्षाएं होती है। उन्होंने कहा कि घटनाओं में त्वरित उद्‌भेदन से व्यवसायी समाज में आत्म-विश्वास बढ़ता है साथ ही अपराधियों का मनोबल गिरता है। अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों के मन में पुलिस का भय हो इसके लिए पुलिस प्रशासन को भी आधुनिक तकनीक एवं कानूनी शक्तियों से लैस होना आवश्यक है।

श्री अग्रवाल ने सुझाव दिया कि पुलिस प्रशासन को अधिकाधिक लोगों से मिलकर उनका फीडबैंक लिया जाना चाहिए। आम जनता में पुलिस की छवि मित्रवत हो, ऐसा प्रयास करने की आवश्यकता है, व्यवसायिक स्थलों पर कार्यावधि एवं रात्रि पेट्रोलिंग पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, ज्यादा घटना वाले क्षेत्रों को चिन्हित किया जाना चाहिए, निर्धारित समय के अन्दर जॉंच का निपटारा किया जाना चाहिए, पटना में अधिकाधिक पुलिस की पेट्रोलिंग मोटरसाइकिल के माध्यम से करायी जानी चाहिए इससे विशेष रूप से पटना सिटी जो कि एक घनी आबादी वाला पटना का प्राचीन एरिया है और बहुत सारी संकीर्ण गलियाँ है, जहाँ पर पुलिस का चार चक्का वाहन नहीं जा पाता है वैसे क्षेत्रों के लिए यह काफी प्रभावी होगा।

इस अवसर पर चैम्बर उपाध्यक्ष मुकेश कुमार जैन द्वारा बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज की ओर से एक विस्तृत ज्ञापन समर्पित किया गया जिसके प्रमुख बिन्दु निम्न हैं :-

- **बड़े पुलिस थानों के अर्न्तगत ज्यादा पुलिस आउट पोस्ट की स्थापना की जाए।**
- **शराब ले जाने वाले वाहनों की जॉच के क्रम में व्यवसायियों द्वारा माल की खरीद-बिक्री के लिए ले जा रहे नकद के लिए भी वाहनों को रोक कर परेशान किया जाता है अत: इस संबंध में स्पष्टीकरण दिया जाना चाहिए कि उसके लिए कौन सा कागजात रखना आवश्यक है।**
- **व्यापारिक अवधि में पेट्रोलिंग बढ़ाया जाना चाहिए।**
- **पुलिस प्रशासन में व्यापारियों एवं उद्यमियों के लिए एक विशेष विंग की स्थापना की जानी चाहिए।**
- **अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अधिकाधिक स्थानों पर CCTV लगाया जाना चाहिए साथ ही जहाँ पर पूर्व से CCTV लगे हुए हैं वह सही तरीके से कार्य करता हो, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए।**
- **पुलिस प्रशासन द्वारा विभिन्न जिलों में अवस्थित चैम्बर ऑफ कॉमर्स एवं अन्य व्यापारिक संगठनों के साथ नियमित आधार पर पुलिस अधीक्षक के स्तर पर बैठकें आयोजित की जानी चाहिये।**




**बैठक को संबोधित करते पुलिस महानिदेशक, बिहार श्री एस. के. सिंघल। उनकी बांयीं ओर अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) श्री जीतेन्द्र सिंह गंगवार तथा दांयीं ओर चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष श्री एन० के० ठाकुर।**



**पुलिस महानिदेशक, बिहार श्री एस. के. सिंघल का पुष्पगुच्छ से स्वागत करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल।**



**अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) श्री जीतेन्द्र सिंह गंगवार का पुष्पगुच्छ से स्वागत करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल।**



अपर पुलिस महानिदेशक श्री जीतेन्द्र कुमार का पुष्पगुच्छ से स्वागत करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल।



वरीय पुलिस अधीक्षक श्री एम. एस. ढिल्लो का पुष्पगुच्छ से स्वागत करते चैम्बर उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन।



नगर पुलिस अधीक्षक (मध्य) श्री अम्बरीष राहुल का पुष्पगुच्छ से स्वागत करते चैम्बर उपाध्यक्ष श्री एन. के. ठाकुर।



नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) श्री प्रमोद कुमार का पुष्पगुच्छ से स्वागत करते चैम्बर महामंत्री श्री अमित मुखर्जी।



यातायात पुलिस अधीक्षक श्री अनिल कुमार का पुष्पगुच्छ से स्वागत करते चैम्बर कोषाध्यक्ष श्री विशाल टेकरीवाल।




स्वागत संबोधन करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल। उनकी बांयीं ओर डीजीपी श्री एस. के. सिंघल एवं अपर पुलिस महानिदेशक श्री जीतेन्द्र सिंह गंगवार। दांयीं ओर चैम्बर उपाध्यक्ष श्री एन. के. ठाकुर।

- ट्रैफिक की समस्या में कई विभागों की भागीदारी होती है इसलिए सभी संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारियों की एक कमिटी बनाकर संयुक्त रूप से पहल की जानी चाहिए।
- राज्य में वाहनों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि को ध्यान में रखते हुए अलग से यातायात नियंत्रण कक्ष बनाया जाना चाहिए।
- ओवरब्रीज के नीचे अतिक्रमण को हटाकर पार्किंग बनाया जाना चाहिए।
- ओवर स्पीड वाहनों पर नियंत्रण के लिए सभी यातायात थानों को इंटरसेप्टर वाहन मुहैया कराया जाना चाहिए।
- ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने हेतु रात 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर बजाने एवं बैण्ड-बाजा पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

उक्त अवसर पर पुलिस महानिदेशक ने अपने सम्बोधन में कहा कि




पुलिस महानिदेशक श्री एस. के. सिंघल को मेमोन्टो भेंटकर सम्मानित करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल। साथ में उपाध्यक्ष श्री एन. के. ठाकुर।

पुलिस के आधुनिकीकरण का कार्य चल रहा है, बहुत जल्द परिवर्तन नजर आएगा। तीन माह में इमरजेंसी रिसपौंड सपोर्ट सिस्टम शुरू हो जाएगा एवं 400 अद्यतन तकनीक से सुसज्जित वाहन जो जीपीएस से लैस है और तुरन्त ट्रैक करके नजदीकी थाना को सूचना से अवगत कराएगा।

इस संबंध में उन्होंने बताया कि दो ऑनलाइन सिस्टम पहले से कार्य कर रहा है। नेश्नल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल काम कर रहा है, बिहार के सभी थाना के प्रांगण को सीसीटीवी से लैस करने की योजना है। ट्रैफिक की समस्या को दूर करने के लिए आई.जी. रैंक का पद सृजित किया गया है इससे बहुत जल्द सुधार आएगा। सीआईएसएफ के तर्ज पर राज्य के उद्योगों की सुरक्षा के लिए स्टेट इंडस्ट्रीयल सिक्यूरिटी फोर्स का गठन किया गया है। थाना के पास जमा वाहनों को बहुत जल्द हटाया जाएगा।

पुलिस महानिदेशक ने बताया कि बेहतर पुलिसिंग के लिए समाजिक सहयोग भी बहुत आवश्यक है।

बैठक में चैम्बर के उपाध्यक्ष एन० के० ठाकुर एवं मुकेश कुमार जैन, कोषाध्यक्ष विशाल टेकरीवाल, महामंत्री अमित मुखर्जी के साथ-साथ वरीय सदस्य सुभाष कुमार पटवारी, पी० के० सिंह, ओ० पी० टिबड़ेवाल, पशुपति नाथ पाण्डेय, डॉ० रमेश गाँधी, पवन भगत, सुनील सराफ, विवेक साह, गौरव साह, आशीष शंकर, सावल राम ड्रोलिया, अजय गुप्ता, प्रदीप चौरसिया, पी.सी.डी.ए. के राजेश आर्या के साथ-साथ बड़ी संख्या में उद्यमी एवं व्यवसायी बैठक में सम्मिलित हुए एवं अपना-अपना सुझाव दिया।

चैम्बर के महामंत्री अमित मुखर्जी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## पटना एयरपोर्ट निदेशक के साथ चैम्बर की बैठक




एयरपोर्ट निदेशक श्री बी. सी. एच. नेगी का पुष्पगुच्छ से स्वागत करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल। साथ में उपाध्यक्ष श्री एन. के. ठाकुर।

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज द्वारा दिनांक 2 मार्च 2022 को पटना एयरपोर्ट के निदेशक श्री बी० सी० एच० नेगी एवं पटना एयरपोर्ट के अन्य वरीय पदाधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न एयरलाइनस के सेवा प्रदाता यथा - इंडिगो, गोफास्ट, स्पाइसजेट, एयर इंडिया एवं विस्तारा एयरलाइन के स्टेशन मैनेजर के साथ चैम्बर प्रांगण में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें उद्यमियों एवं व्यवसायियों ने एयरपोर्ट से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया साथ ही एयरपोर्ट निदेशक ने भी एयरपोर्ट पर हो रहे विकास कार्यो की अद्यतन स्थिति से व्यवसायियों को अवगत कराया।

चैम्बर अध्यक्ष श्री पी० के० अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह तीसरा अवसर है जब नेगी साहब अपनी पूरी टीम के साथ आज हमारे बीच पधारे हैं, इससे स्पष्ट होता है कि ये राज्य के उद्यमियों एवं व्यवसायियों के सुझावों एवं समस्याओं को जानने एवं उसके निदान के प्रति काफी सचेष्ट हैं। उन्होंने आगे बताया कि देश के सभी एयरपोर्ट की भांति पटना में भी यात्रियों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है जो देश के विकास का एक अच्छा संकेत है और यह भी सत्य है कि अन्य लोगों की तुलना में उद्यमियों एवं व्यवसायियों को व्यापार के सिलसिले में अधिक यात्रा करने की आवश्यकता होती है। अत: उन्होंने एयरपोर्ट निदेशक से अनुरोध किया कि हवाई यात्रियों की बढ़ती संख्या के अनुरूप एयरपोर्ट पर यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाया जाना चाहिए।

इस अवसर पर बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज की ओर से एयरपोर्ट के निदेशक को एक ज्ञापन समर्पित किया गया जिसके प्रमुख बिन्दु निम्न हैं :-

(1) उड़ान योजना के तहत मुजफ्फरपुर, भागलपुर, पूर्णिया, रक्सौल, गया, समस्तीपुर, आरा, मोतीहारी के एयरपोर्ट का समुचित विकास कर आवश्यक सुविधाएं मुहैया करायी जानी चाहिए।

(2) गया एयरपोर्ट से घरेलू उड़ान की अधिकाधिक सेवायें प्रारम्भ की जानी चाहिए।

(3) बिहार के काफी लोग विदेशों में काम करते हैं साथ ही काफी संख्या में व्यवसाय के सिलसिले में भी लोगों का विदेश आना-जाना लगा रहता है। अत: उनकी सुविधा के लिए पटना से सीधी विमान सेवा का प्रारम्भ किया जाना चाहिए, विशेषकर खाड़ी के देशों से जिससे मुम्बई, दिल्ली एवं कोलकता एयरपोर्ट का भार कम हो सके। पटना से काठमाण्डू की सीधी सेवा अतिशीघ्र प्रारम्भ किया जाना चाहिए।

(4) पटना से उत्तर-पूर्व के शहरों यथा - गौहाटी, बागडोगरा के लिए पटना से सीधी विमान सेवा प्रारम्भ किया जाना चाहिए ताकि उन स्थानों पर व्यवसाय के सिलसिले में एवं छुट्टियाँ मनाने हेतु जानेवालों को सुविधा हो। पटना से जयपुर वर्तमान में मात्र एक फ्लाइट है वह भी भाया दिल्ली होने के कारण लोगों को काफी समय बर्बाद हो जाता है, अत: पटना से




बैठक में स्वागत संबोधन करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल। उनकी बांयीं ओर एयरपोर्ट निदेशक श्री बी. सी. एच. नेगी। दांयीं ओर क्रमशः चैम्बर उपाध्यक्ष श्री एन. के. ठाकुर, उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन, कोषाध्यक्ष श्री विशाल टेकरीवाल एवं महामंत्री श्री अमित मुखर्जी।




बैठक को संबोधित करते एयरपोर्ट निदेशक श्री बी. सी. एच. नेगी। उनकी दांयीं ओर चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल एवं बांयीं ओर एयरपोर्ट के अधिकारीगण।

जयपुर सीधी उड़ान की सेवा प्रारम्भ की जानी चाहिए क्योंकि पटना से काफी संख्या में लोग व्यवसाय के साथ-साथ राजस्थान के पर्यटन स्थलों के भ्रमण हेतु आते-जाते रहते हैं।

पटना से पूणे की विमान सेवा को पुनः प्रारम्भ किया जाना चाहिए तथा पटना से सूरत की सीधी उड़ान सेवा प्रारम्भ की जानी चाहिए क्योंकि टेक्सटाइल के व्यवसाय हेतु काफी संख्या में व्यवसायियों का आना-जाना रहता है।

(5) सुरक्षा जॉच में प्रत्येक ट्रे के लिए दो टोकन का प्रावधान किया जाना चाहिए जिससे कि एक टोकन ट्रे में हो और दूसरा टोकन यात्री के पास, इससे यात्रियों को अपने सामानों को पहचानने में सहुलियत होगी।

(6) दिव्यांगों की सुविधा हेतु प्रवेश द्वार पर हाईड्रोलिक प्लैटफौर्म की सुविधा प्रदान की जानी चाहिए।

(7) दिल्ली एवं मुम्बई की भांति पटना में भी सभी मौसम में लैंडिंग की सुविधा की व्यवस्था की जानी चाहिए।

(8) यात्रियों के वस्तुओं के भार की जाँच हेतु स्थापित माप उपकरणों की नियमित जाँच की जानी चाहिए ताकि सही वजन का आकलन हो सके।

(9) भीड़-भाड़ वाले समय में पीकअप एवं ड्रॉप के लिए पूर्व से निर्धारित समय सीमा को बढ़ाया जाना चाहिए।

(10) सुरक्षा जाँच हेतु स्कैनर एवं काउन्टर की संख्या बढ़ायी जानी चाहिए।

(11) एयरपोर्ट पर ब्रांडेड एवं ननब्रांडेड खान-पान की सामग्रियों की कीमत बाजार दर से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(12) चेक इन टाइम को कम किया जाना चाहिए। इससे एक तो यात्रियों को सुविधा होगी दूसरे एयरपोर्ट पर भीड़ भी कम होगी।

एयरपोर्ट निदेशक श्री बी० सी० एच० नेगी ने अपने संबोधन में चैम्बर में उन्हें आमंत्रित करने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पटना में नया टर्मिनल बन जाने के बाद काफी समस्याओं का निराकरण हो जाएगा। उन्होंने पटना से अन्तरराष्ट्रीय उड़ान के संबंध में बताया कि भूमि की कमी है लेकिन गया और दरभंगा में समुचित भूमि उपलब्ध है इसलिए वहाँ से अन्तरराष्ट्रीय उड़ान की सेवा प्रारम्भ किया जा सकता है। काठमांडू और भूटान की सेवा पटना से संभव नहीं है, नया हवाई अड्डा बनने के बाद ही हो पाएगा। पटना से बागडोगरा की सेवा पुनः बहाल करने पर विचार किया जा रहा है। दिव्यांग एवं असमर्थ लोगों को सीधे विमान में ले जाने की सुविधा बहुत जल्द प्रारम्भ किया जाएगा। कोविड के कारण सुरक्षा जाँच में जो टोकन देने का प्रावधान था उसे बन्द कर दिया गया था, अब उसे पुनः शुरू किया जाएगा। प्रथम तल पर लॉज को बन्द किये जाने की शिकायत पर उन्होंने कहा कि इसे अब 24 घंटे खुला रखने का निर्णय लिया गया है। बैंगलोर एवं पूणे की सीधी सेवा में विमान की कम संख्या की शिकायत पर उन्होंने कहा कि वर्क फ्रॉम होम एवं ऑनलाइन पढ़ाई के कारण इसकी संख्या कम हो गयी है, ऑफलाइन होने पर पुनः इस सेवा को पहले की तरह कर दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि चैम्बर की ओर से मैट्रो स्टेशन की एक कनेक्टिविटी पटना एयरपोर्ट पर दिए जाने के लिए संबंधित पदाधिकारियों से अनुरोध किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर पटना एयरपोर्ट के संयुक्त महाप्रबंधक ए० के० पाठक एवं अरविन्द पासवान, उप महाप्रबंधक संतोष कुमार एवं ओम प्रकाश, सहायक कमांडेट श्री प्रवेश पाण्डेय, इंडिगो एयरलाइन के स्टेशन मैनेजर कुरैसी हसन, स्पाइसजेट के सैयद ज़ेड हसन, एयर इंडिया के अमर सहाय के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में अध्यक्ष पी० के० अग्रवाल के अतिरिक्त उपाध्यक्ष एन० के० ठाकुर एवं मुकेश कुमार जैन, महामंत्री अमित मुखर्जी, कोषाध्यक्ष विशाल टेकरीवाल तथा वरीय सदस्य ए० के० पी० सिन्हा, पशुपति नाथ पाण्डेय, सच्चिदानन्द, अनिल पचीसिया, सावल राम ड्रोलिया, राजेश मखारिया, उत्पल सेन, अजय कुमार गुप्ता, विवेक साह, आशीष शंकर, रामाशंकर प्रसाद, शशि मोहन के साथ-साथ काफी संख्या में उद्यमियों एवं व्यवसायियों ने भाग लिया।

धन्यवाद ज्ञापन चैम्बर के महामंत्री श्री अमित मुखर्जी ने किया।

# चैम्बर में व्यवसायियों के साथ क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी की बैठक

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के प्रांगण में दिनांक 14 मार्च 2022 को पासपोर्ट से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श हेतु उद्यमियों एवं व्यवसायियों के साथ एक बैठक क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी, पटना श्रीमती ताविशी बहल पाण्डेय के साथ हुई।

चैम्बर अध्यक्ष श्री पी० के० अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि पासपोर्ट आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाइन होने से पहले की अपेक्षा काफी सुविधा बढ़ी है और इसमें पारदर्शिता भी आयी है जिसका लाभ लोग उठा रहे हैं। साथ ही उन्होंने पासपोर्ट अधिकारी को बताया कि व्यवसायी अपने बिजनेस पर्पस से या पुत्र-पुत्री के दूसरे स्थानों पर रहने के कारण उन्हें निवास स्थान बदलने की विवशता हो जाती है अतः वैसी परिस्थिति में यदि वे अपना पासपोर्ट में निवास स्थान बदलने का आवेदन देते हैं तो उनके लिए पुलिस वैरिफिकेशन को अनिवार्य नहीं बनाया जाना चाहिए क्योंकि पासपोर्ट में उनका नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि आदि में कोई परिवर्तन नहीं होता है तो पुलिस वैरिफिकेशन कराने का प्रावधान व्यावहारिक प्रतीत नहीं होता है।

श्री अग्रवाल ने चैम्बर की ओर से पासपोर्ट से संबंधित एक स्मार-पत्र क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी को समर्पित किया जिसके प्रमुख बिन्दु थे :- वैसे लोग जो कम्प्यूटर फ्रेंडली नहीं है उनके लिए पासपोर्ट कार्यालय में समुचित संख्या में ''सहायता केन्द्र'' की स्थापना की जाए, पासपोर्ट के आवेदन के सत्यापन की व्यवस्था संबंधित जिला में ही हो ताकि आवेदक को पटना नहीं आना पड़े, पुलिस सत्यापन के लिए समय सीमा का निर्धारण हो, दूर-दराज के पासपोर्ट सेवा केन्द्र की बराबर मोनेटरिंग हो, जब-तक आरोप साबित नहीं हो या न्यायालय द्वारा अभियोग गठित नहीं किया गया हो तब-तक केवल इस आधार पर कि आप पर




क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी श्रीमती ताविशी बहल पाण्डेय का पुष्पगुच्छ से स्वागत करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल। बांयी ओर चैम्बर उपाध्यक्ष श्री एन. के. ठाकुर एवं श्री मुकेश कुमार जैन। दांयीं ओर उप पासपोर्ट अधिकारी श्री जी. बी. दास एवं चैम्बर कोषाध्यक्ष श्री विशाल टेकरीवाल।




बैठक में स्वागत संबोधन करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल। उनकी बांयीं ओर क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी श्रीमती ताविशी बहल पाण्डेय, उप पासपोर्ट अधिकारी श्री जी. सी. दास एवं कोषाध्यक्ष श्री विशाल टेकरीवाल। दांयी ओर चैम्बर उपाध्यक्ष श्री एन. के. ठाकुर एवं श्री मुकेश कुमार जैन।




बैठक को संबोधित करतीं क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी श्रीमती ताविशी बहल पाण्डेय।

आपराधिक मुकदमें हैं, पासपोर्ट जारी करने की प्रक्रिया को प्रभावित नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि व्यवसाय के क्रम में व्यवसायियों पर शंका के आधार पर भी मुकदमें दायर किये जाते हैं और न्यायालय का निर्णय आने में काफी लम्बा समय लग जाता है तथा छः माह में कम से कम एक बार पासपोर्ट अदालत आयोजित किया जाना चाहिए जिससे कि आवेदक अपनी बातों को क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी के समक्ष रख सकें।

श्रीमती ताविशी बहल पांडे, क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ने चैम्बर के ज्ञापन का जवाब देते हुए बताया कि पासपोर्ट की ऑन लाइन व्यवस्था हो जाने के कारण लोगों को सुविधा हुई है। दूर-दराज के लोग जो कम पढ़े लिखे हैं या कम्प्यूटर फ्रेंडली नहीं है, वह पासपोर्ट बनाने के लिए वसुधा केन्द्र से मदद ले सकते हैं। विभिन्न जिलों के लोगों को कागजात वैरीफिकेशन हेतु पटना आने की आवश्यकता नहीं है वह अपना डाक्युमेन्ट डाक या रजिस्टर्ड ईमेल के माध्यम से भेज सकते हैं। उन्होंने बताया कि ज्यादातर लोग एजेंट के माध्यम से पासपोर्ट बनाना चाहते हैं जिसके कारण समस्या पैदा होती है क्योंकि वे लोग उलट-पुलट फॉर्म को भर देतें हैं अतः उन्होंने अनुरोध किया कि पासपोर्ट का आवेदन स्वयं भरें साथ ही उन्होंने बताया कि इसके लिए वे राज्य के युवाओं को कॉलेज में जाकर फॉर्म को भरने के लिए बताएंगे।

उन्होंने आगे बताया कि उनका प्रयास है कि लोगों को पासपोर्ट कार्यालय बार-बार नहीं आना पड़े, एक बार में ही उनका सारा कार्य हो जाए। बैठक में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के उप पासपोर्ट अधिकारी श्री जी० सी० दास भी सम्मिलित हुए।

बैठक में चैम्बर के उपाध्यक्ष एन० के० ठाकुर एवं मुकेश कुमार जैन, कोषाध्यक्ष विशाल टेकरीवाल के साथ-साथ वरीय सदस्य सुभाष कुमार पटवारी, शशि मोहन, पशुपति नाथ पाण्डेय, डॉ० रमेश गाँधी, विवेक साह, गौरव साह, श्री अशिष शंकर, श्री सावल राम ड्रोलिया, अजय गुप्ता, उत्पल सेन, सुबोध कुमार जेन, प्रदीप चौरसिया, अनिल पचीसिया के साथ-साथ बड़ी संख्या में उद्यमी एवं व्यसायी बैठक में सम्मिलित हुए एवं अपना-अपना सुझाव दिया।

धन्यवाद ज्ञापन चैम्बर के उपाध्यक्ष एन० के० ठाकुर ने किया।

## निदेशक डाक सेवाएं पूर्वी क्षेत्र बिहार एवं वरीय डाक अधीक्षक, पटना प्रमंडल चैम्बर पदाधिकारियों से मिले

श्री पवन कुमार, निदेशक, डाक सेवाएं, पूर्वी क्षेत्र, बिहार एवं श्री राजदेव प्रसाद, वरीय डाक अधीक्षक, पटना प्रमंडल दिनांक 24 मार्च, 2022 को बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के प्रांगण में चैम्बर पदाधिकारियों एवं वरीय सदस्यों से मिले तथा रेलवे एवं डाक विभाग के सम्मिलित समझौता के अंतर्गत प्रारम्भ होने वाले माल की ढुलाई के संबंध में अद्यतन जानकारियों से अवगत कराया।

बैठक में चैम्बर अध्यक्ष श्री पी० के० अग्रवाल के अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन, पूर्व महामंत्री श्री पशुपति नाथ पाण्डेय, कार्यकारिणी सदस्य श्री सांवल राम ड्रोलिया, श्री रंजित प्रसाद सिंह एवं श्री आशीष प्रसाद सम्मिलित थे।

# बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने भोजपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री द्वारा आयोजित National MSME EXPO-2022 का किया भ्रमण

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के एक प्रतिनिधिमंडल ने चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल के नेतृत्व में दिनांक 06 मार्च 2022 को भोजपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, आरा द्वारा स्थानीय रमना मैदान में दिनांक 4-7 मार्च 2022 तक आयोजित National MSME EXPO - 2022 का भ्रमण किया।

इस प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन, पूर्व महामंत्री श्री पशुपति नाथ पाण्डेय, कार्यकारिणी सदस्य श्री अजय कुमार गुप्ता एवं श्री विवेक साह शामिल थे।

भोजपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों द्वारा बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल का EXPO के मंच पर स्वागत किया गया।

उस दिन EXPO में चित्रकला, पोस्टर एवं श्लोगन प्रतियोगिता तथा क्वीज कम्पीटीशन का आयोजन किया गया था। विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया था।

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल ने प्रतियोगिता के विजेताओं को मेमेन्टो प्रदान किया।

भोजपुर चैम्बर के महामंत्री श्री आदित्य विजय जैन ने अपने स्वागत संबोधन में EXPO में कृपापूर्वक पधारने के लिए बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके आने से हमारा उत्साहवर्धन हुआ है।

**बिहार चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल ने अपने संबोधन में National MSME EXPO - 2022 के भव्यतापूर्ण आयोजन के लिए भोजपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्टी के पदाधिकारियों एवं EXPO आयोजन मंडल के सदस्यों की प्रसंशा करते हुए कहा यह EXPO सभी वर्ग के लोगों, उद्यमियों एवं व्यवसायियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। EXPO के भव्य एवं उत्कृष्ट आयोजन के लिए भोजपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स की जितनी भी प्रसंशा की जाय, कम होगी।**

बिहार चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल ने भोजपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री को चैम्बर का एक मेमेन्टो एवं पदाधिकारियों को चैम्बर का कॉफी टेबुल बुक एवं बुलेटीन भी प्रदान किया। भोजपुर चैम्बर की ओर से भी बिहार चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल को मेमेन्टो प्रदान किया गया।

प्रतिनिधिमंडल ने EXPO के स्टॉलों का अवलोकन किया। स्टॉलों को काफी अच्छे तरीके से लगाया गया था। स्टॉलों के अवलोकन के दौरान भोजपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष श्री प्रदीप नारायण दास, महामंत्री श्री आदित्य विजय जैन, कोषाध्यक्ष श्री संजय जालान एवं अन्य साथ में रहे।

बिहार चैम्बर के प्रतिनिधिमंडल ने शाम में पटना के लिए प्रस्थान किया।

**बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज की कार्यकारिणी समिति की दिनांक 10 मार्च 2022 को हुई बैठक में "National MSME EXPO - 2022" के भव्य आयोजन हेतु भोजपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री को "SFECIAL APPRECTATION" दिया।**



भोजपुर चैम्बर के महामंत्री श्री आदित्य विजय जैन को बिहार चैम्बर का मेमेन्टो भेंट करते बिहार चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल एवं प्रतिनिमंडल के सदस्यगण।



भोजपुर चैम्बर के उपाध्यक्ष श्री प्रदीप नारायण दास को पुष्पगुच्छ भेंट करते बिहार चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल साथ में प्रतिनिधिमंडल के सदस्यगण




बिहार चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल को मेमेन्टो प्रदान कर सम्मानित करते भोजपुर चैम्बर के अध्यक्ष श्री विश्वनाथ प्रसाद साथ में प्रतिनिधिमंडल के सदस्यगण



भोजपुर चैम्बर के पदाधिकारियों को बिहार चैम्बर का कॉफी टेबुल बुक एवं बुलेटीन भेंट करते बिहार चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल एवं प्रतिनिधिमंडल के सदस्थगण



भोजपुर चैम्बर के अध्यक्ष श्री विश्वनाथ प्रसाद को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते बिहार चैम्बर के अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल साथ में प्रतिनिधिमंडल के सदस्यगण।



प्रतियोगिता के विजेताओं को मेमेन्टो देते बिहार चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल साथ प्रतिनिधिमंडल के सदस्यागण एवं भोजपुर चैम्बर के पदाधिकारीगण




एक्सपो के मुख्य द्वार पर बिहार चैम्बर के प्रतिनिधिमंडल के सदस्यगण साथ के भोजपुर चैम्बर के पदाधिकारीगण

## राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 80वीं त्रैमासिक बैठक में चैम्बर के महामंत्री सम्मिलित हुए



बैठक में उपस्थित चैम्बर के महामंत्री श्री अमित मुखर्जी।
(दूसरी कतार के मध्य में)




बैठक में मंचासीन माननीय उप मुख्यमंत्री, बिहार श्री तारकिशोर प्रसाद, माननीय उद्योग मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन, माननीय कृषि मंत्री श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह, माननीय ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, अपर मुख्य सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ एवं अन्य।

## चैम्बर की मांग हुई पूरी, पटना से जयपुर के लिए इंडिगो की सीधी विमान सेवा प्रारम्भ

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज द्वारा विभिन्न स्तरों पर लगातार यह अनुरोध किया गया कि पटना से जयपुर के लिए सीधी विमान सेवा शुरू की जाए। 02 मार्च, 2022 को पटना एयरपोर्ट निदेशक श्री बी. सी. एच. नेगी एवं पटना एयरपोर्ट के अन्य वरीय पदाधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न एयरलाइन्स के सेवा प्रदाताओं यथा-इंडिगो, गोफास्ट, स्पाइसजेट, एयर इंडिया एवं विस्तारा एयरलाइन्स के स्टेशन मैनेजर के साथ हुई बैठक में भी बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज की ओर से मांग की गयी थी कि पूर्व की भांति पटना से जयपुर सीधी विमान सेवा पुन: शुरू की जाये।

हमे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि इंडिगो द्वारा पटना से जयपुर की सीधी विमान सेवा दिनांक 27 मार्च, 2022 से शुरू होने जा रही है। चैम्बर की यह बड़ी उपलब्धि है साथ ही सदस्यों से अनुरोध है कि इस सेवा का अधिकाधिक उपयोग करें ताकि यह सेवा निरंतर जारी रहे।

# चैम्बर का प्रतिनिधिमंडल विकास आयुक्त, बिहार से मिला



विकास आयुक्त, बिहार श्री विवेक कुमार सिंह को पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका अभिनन्दन करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल। साथ में प्रतिनिधिमंडल के सदस्यगण।

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल दिनांक 02 मार्च, 2022 को चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल के नेतृत्व में नव-पदस्थापित विकास आयुक्त, बिहार श्री विवेक कुमार सिंह, भा.प्र.से. से उनके कार्यालय कक्ष में मिला और उन्हें बधाई दिया।

प्रतिनिधिमंडल में चैम्बर उपाध्यक्ष श्री एन. के. ठाकुर एवं श्री मुकेश कुमार जैन, महामंत्री श्री अमित मुखर्जी, इण्डस्ट्रीज सब कमिटी के संयोजक-सह-पूर्व उपाध्यक्ष श्री सुभाष कुमार पटवारी तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट सब कमिटी के संयोजक-सह-पूर्व महामंत्री श्री ए. के. पी. सिन्हा शामिल थे।

# चैम्बर द्वारा निःशुल्क संचालित कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र में टैली प्रशिक्षण के ट्रायल क्लास का शुभारम्भ




टैली प्रशिक्षण के ट्रायल क्लास के शुभारंभ के अवसर पर प्रशिक्षुओं को आवश्यक निर्देश देते चैम्बर उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन।

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज द्वारा निःशुल्क संचालित कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र में टैली प्रशिक्षण के ट्रायल क्लास का शुभारंभ दिनांक 30 मार्च, 2022 को किया गया। इस अवसर पर चैम्बर उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन उपस्थित थे।

**उच्च प्राथमिकता कोटि (High Priority Sectors) से सम्बन्धित औद्योगिक इकाईयों के लिए निबन्धन शुल्क की तालिका में संशोधन द्वारा निबन्धन शुल्क में छूट दी गयी है।**

**उक्त सम्बन्ध में मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबन्धन विभाग, बिहार द्वारा जारी गजट अधिसूचना एस०ओ० 1594 दिनांक 17 मार्च, 2022 की प्रति माननीय सदस्यों की सूचनार्थ भेजी जा चुकी है। इसकी प्रति हेतु चैम्बर से सम्पर्क करें।**

**उच्च प्राथमिकता कोटि (High Priority Sectors) से सम्बन्धित औद्योगिक इकाईयों के लिए दस्तावेजों पर स्टाम्प शुल्क में छूट दी गयी है।**

**उक्त सम्बन्ध में मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबन्धन विभाग, बिहार द्वारा जारी गजट अधिसूचना एस०ओ० 1595 दिनांक 17 मार्च, 2022 की प्रति माननीय सदस्यों की सूचनार्थ भेजी जा चुकी है। इसकी प्रति हेतु चैम्बर से सम्पर्क करें।**

# चैम्बर अध्यक्ष ने बिहार फ्लाई ऐश ब्रिक इण्डस्ट्रीज एसोसियेशन की आम सभा को किया सम्बोधित

बिहार फ्लाई ऐश ब्रिक इण्डस्ट्रीज एसोसियेशन की आम सभा दिनांक 27 फरवरी, 2022 को बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के प्रांगण में आयोजित हुई। आम सभा में बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के अध्यक्ष श्री पी० के० अग्रवाल भी उपस्थित थे।

आम सभा में फ्लाई ऐश ब्रिक्स उद्योगों की समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया।

चैम्बर अध्यक्ष श्री पी० के० अग्रवाल ने एसोसियेशन की समस्याओं पर बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज की ओर से हर सम्भव सहयोग का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर एसोसियेशन के अध्यक्ष श्री अतुल परासर, उपाध्यक्ष श्री सुधीर कुमार, महामंत्री श्री विकास कुमार सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों सहित इस उद्योग से जुड़े काफी उद्यमी उपस्थित थे।




बिहार फ्लाई ऐश ब्रिक इंडस्ट्रीज एसोशियेसन की आम सभा में सदस्यों की समस्याओं को सुनते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल।

## चैम्बर द्वारा विद्युत दरों में किसी प्रकार की वृद्धि नहीं किये जाने का स्वागत

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज ने बिहार विद्युत विनियामक आयोग द्वारा वर्ष 2022-23 के लिए दिनांक 25 मार्च 2022 को घोषित विद्युत टैरिफ में किसी प्रकार की कोई बढ़ोत्तरी नहीं किये जाने का स्वागत करते हुए सरकार से अनुरोध किया है कि अन्य उपभोक्ताओं के भांति उद्योगों को भी सबसिडी दिया जाना चाहिए जिससे कि अन्य राज्यों के उद्योगों से प्रतिस्पर्धा कर सकें।

श्री पी० के० अग्रवाल ने बताया कि आयोग द्वारा आज बुलायी गयी बैठक में चैम्बर की ओर से संयोजक श्री सुभाष कुमार पटवारी उपस्थित हुए और उन्होंने बताया कि विद्युत कंपनियों ने 2022-2023 के विद्युत टैरिफ में 9.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने की मांग बिहार विद्युत विनियामक आयोग से की थी, जिसे स्वीकार नहीं किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि विभिन्न तिथियों में आयोजित वर्चुअल जनसुनवाई के दौरान बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज की ओर से एक विस्तृत सुझाव/आपत्तियाँ बिहार विद्युत विनियामक आयोग को समर्पित की गयी थी। यह भी बताया गया था कि वर्तमान में कॉमर्शियल एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए जो बिजली की दरें हैं वह पड़ोसी राज्य से अधिक है जिसके कारण सभी कॉमर्शियल और औद्योगिक प्रतिष्ठानों को प्रतिस्पर्धा करने में कठिनाई हो रही है अत: राज्य में विद्युत की दरें कम की जानी चाहिए।

श्री अग्रवाल ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार द्वारा यह समझने के लिए एवं कुछ रियायत प्रदान करने के लिए एच टी उपभोक्ताओं को दो श्रेणी में बांटा गया है एक जेनरल एवं दूसरा उद्योग जिससे कि सरकार को यह पता लग सके कि उद्योग में कितनी बिजली की खपत हो रही है।

चैम्बर अध्यक्ष ने आगे कहा कि वर्तमान में बिहार में उद्योगों का तेज गति से विकास हो इसके लिए सरकार की ओर से जोरदार प्रयास चल रहा है। इसी क्रम में ईथेनॉल उत्पादन प्रोत्साहन नीति, ऑक्सीजन नीति, काष्ठ आधारित उद्योग नीति की घोषणा की गई है ताकि औद्योगिकरण में तेजी आए और अधिकाधिक लोगों को राज्य में रोजगार मिल सके। उन्होंने आगे बताया कि इसके लिए अत्यन्त आवश्यक हैं कि राज्य में विद्युत की दरें अन्य पड़ोसी राज्यों के समकक्ष या कम किया जाए अन्यथा उद्योगों को अन्य उपभोक्ताओं की भांति सबसिडी दी जाए।

## सात औद्योगिक पार्कों से बनेगा विकसित बिहार

प्रदेश के सात प्रस्तावित औद्योगिक पार्क विकसित बिहार की राह आसान करेंगे। इनमें बेगूसराय में इलेक्ट्रॉनिक्स और मेडिकल डिवाइस क्लस्टर, बेतिया के कुमारबाग में ट्वॉय क्लस्टर, मुजफ्फरपुर के मोतीपुर में मेगा फूड पार्क और फार्मा एंड सर्जिकल पार्क, वैशाली के गोरौल में प्लास्टिक पार्क व बेतिया के कुमारबाग में टेक्सटाइल पार्क की स्थापना होनी है। इन पर 150 करोड़ खर्च होंगे। आगामी वित्तीय वर्ष में इनकी विकास प्रक्रिया में तेजी आएगी। राज्य सरकार ने 2022-23 में उद्योग विभाग के लिए 1643 करोड़ 74 लाख का प्रावधान किया है। उद्योग से रोजगार संवर्द्धन की प्रक्रिया में सरकार की ओर से प्रशिक्षण केन्द्रों की श्रृंखला प्रस्तावित है। कोरोना काल में बिहार लौटे प्रवासी श्रमिकों को भी स्किल मैपिंग के माध्यम से समूह बनाकर रोजगार प्राप्त करने में मदद दी गई है। इसी तरह मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत नए उद्यमियों का चयन कर उन्हें सहायता दी गई है। इथेनॉल उत्पादन में 30 हजार 382 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है। इससे बड़ी संख्या में रोजगार मिलेगा।

“इथेनॉल की 151 फैक्ट्रियाँ लगाने से राज्य का आर्थिक विकास होगा व रोजगार सृजन होगा। हर जिले में मेगा स्किल डेवलपमेंट सेंटर और हर प्रमंडल में टूल रूम की स्थापना का निर्णय स्वागत योग्य है। औद्योगिक विकास निधि का गठन करने, लैंड बैंक बनाने जैसे मांग पर भी विचार होना चाहिए था।”

– पी. के. अग्रवाल, अध्यक्ष, बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स

“बिहार सरकार इस बार के बजट में औद्योगिकीकरण की नींव मजबूत करने पर जोर दे रही है। राज्य में इथेनॉल का कोटा 18.5 करोड़ लीटर से बढ़कर दोगुना यानी 36 करोड़ लीटर हो गया है। इथेनॉल उत्पादन के लिए 151 इकाईयों की मंजूरी मिल चुकी है।”

– शाहनवाज हुसैन, उद्योग मंत्री, बिहार

( विस्तृत : हिन्दुस्तान, 1.3.2022 )

# मुंगेर चैम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा औद्योगिक सेमिनार आयोजित




कार्यक्रम में मंचासीन जिलाधिकारी, मुंगेर श्री नवीन कुमार (दांयीं ओर से तीसरे)। उनकी दांयीं ओर अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री खुशबू गुप्ता, मुंगेर चैम्बर अध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार अग्रवाल एवं अन्य।



सभागर में उपस्थित उद्यमी एवं व्यवसायीगण।

मुंगेर चैम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा दिनांक 6 मार्च, 2022 को औद्योगिक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में जिलाधिकारी, मुंगेर श्री नवीन कुमार बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे।

अनुमंडल पदाधिकारी, मुंगेर सुश्री खुशबू गुप्ता भी इस अवसर पर उपस्थित थीं।

सेमिनार के संबंध में मुंगेर चैम्बर अध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार अग्रवाल ने बताया कि सेमिनार में पूरे मुंगेर प्रमंडल के उद्यमी, उद्योग लगाने के इच्छुक व्यक्ति सम्मिलित हुए। सेमिनार में बिहार सरकार की उद्योग संबंधी योजनाओं की जानकारी दी गई। लोगों को उद्योग लगाने के संबंध में भी जानकारी दी गई और उनसे कहा गया कि यदि कोई समस्या हो तो मुंगेर चैम्बर ऑफ कॉमर्स से सम्पर्क करें।

"मुंगेर चैम्बर ऑफ कॉमर्स का यह प्रयास सराहनीय है"

**– श्री पी० के० अग्रवाल,** अध्यक्ष
बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज

**बिहार सरकार**
**खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग**
अधिसूचना

जी. एस. आर. .................. पटना/दिनांक ..........................

भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, (उपभोक्ता मामले विभाग) के विशिष्ट खाद्य पदार्थो से (अनुज्ञापन संबंधी अपेक्षाएँ, स्टॉक सीमा और संचलन प्रतिबंध) हटाना आदेश 2016 द्वारा प्रकाशित का. आ. 4146 (अ) दिनांक 08 अक्टूबर, 2021 एवं का. आ. 452 (अ) दिनांक 03 फरवरी, 2022 के साथ पठित आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 (1955 का अधिनियम 10) की धारा 03 द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए, बिहार के राज्यपाल खाद्य तेल एवं खाद्य तिलहन के संबंध में बिहार व्यापारिक वस्तु (अनुज्ञापत्र एकीकरण) आदेश 1984, सह पठित विभागीय अधिसूचना ज्ञापांक 45, दिनांक 05.01.2022 द्वारा खाद्य तेल एवं खाद्य तिलहन के संबंध में निर्गत आदेश 30 जून, 2022 तक विस्तारित करते हैं।

(प्र.4- आ.-01/09 (खंड-III)
बिहार राज्यपाल के आदेश से,
ह०/-
(विनय कुमार)
सरकार के सचिव।

ज्ञापांक प्र.4-आ-01/09 (खंड-III) **1477** खाद्य / पटना, दिनांक-**29.3.2022**

**प्रतिलिपि :**- ई-गजट प्रभारी, वित्त विभाग, पटना को विषयशीर्ष के साथ अंग्रेजी अनुवाद MS. Word में सॉफ्ट कॉपी एवं दो हार्ड कॉपी सहित सूचनार्थ एवं बिहार गजट के असाधारण अंक में अविलम्ब प्रकाशनार्थ प्रेषित।

सरकार के अपर मुख्य सचिव।

## बख्तियारपुर-ताजपुर पुल बनने से उत्तर बिहार जाने में होगी सहूलियत

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज ने बख्तियारपुर-ताजपुर पुल के लंबित निर्माण कार्य को पूरा कराने के लिए 936 करोड़ की मंजूरी का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद व रेणु देवी और पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन को धन्यवाद दिया।

चैम्बर अध्यक्ष पी. के. अग्रवाल ने कहा कि पटना के बख्तियारपुर और समस्तीपुर को ताजपुर से जोड़ने के लिए गंगा नदी पर 2011 में पीपीपी मोड से पुल का निर्माण शुरू हुआ था जिसे 2016 में पूरा करना था, लेकिन कार्य लंबित है। **(साभार : प्रभात खबर, 27.2.2022)**

## सूबे के 20 पुराने कृषि बाजार जुड़ेंगे केन्द्र के 'ई नाम' से

राज्य के 20 कृषि बाजार इलेक्ट्रॉनिक नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट (ई नाम) से जुड़ जाएंगे। कृषि विभाग ने इसका प्रस्ताव केन्द्र को भेज दिया है। साथ ही इस संबंध में केन्द्र की सारी शंकाओं को भी दूर कर दिया है। इनको जल्द मंजूरी मिलने की उम्मीद है। इसके बाद राज्य की पुरानी 20 बाजार समितियों के प्रांगण में देश के साथ विदेश से भी व्यापार करने की सुविधा राज्य के किसानों को मिल जाएगी।

**पहल :** • कृषि विभाग ने बाजार को आधुनिकीकरण के साथ केन्द्र सरकार को भेजा प्रस्ताव • 54 में से 22 बाजार प्रांगणों में आधारभूत संरचनाओं के निर्माण की व्यवस्था • 3274 करोड़ खर्च होंगे आधुनिक कृषि बाजार बनाने में • 4491 दुकानें और गोदाम होंगे कृषि बाजार में। **(विस्तृत : हिन्दुस्तान, 28.2.2022)**

**EDITORIAL BOARD**

Editor
**AMIT MUKHERJI**
Secretary General

Convenor
**SUBODH KUMAR JAIN**
Library & Bulletin Sub-Committee

Printer & Publisher
**A. K. DUBEY**
Dy. Secretary

Khemchand Chaudhary Marg, Patna - 800 001 • Ph. : 2677605, 2677635 • Fax No. : 0612-2677505
E-mail : bccpatna@gmail.com • Website : www.biharchamber.org

Designed & Printed by : Sharada Enterprises, Ph. : 0612-2667296